


... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, शनिवार, 13 दिसम्बर-2025

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष-43 ● अंक 101 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया









# ऐसी दीवानगी देखी नहीं कहीं

## इंडिया में चढ़ा मेसी का बुखार

● पसंदीदा खिलाड़ी को देखने के लिए फैन्स ने छोड़े जरूरी काम, हनीमून का प्लान किया कैंसिल

**कोलकाता।** अर्जेंटीना के मशहूर फुटबॉल खिलाड़ी भारत यात्रा पर हैं। यात्रा के पहले दिन शुक्रवार को वह कोलकाता पहुंचे। कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में उनके प्रशंसक कतार में लगे हुए हैं। यह उनके 'ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम टूर इंडिया-2025' के पहले चरण का हिस्सा है। इसके तहत जल्द 'मुलाकात और अभिवादन कार्यक्रम' और उनकी प्रतिमा का डिजिटल माध्यम से उद्घाटन होने हुआ। कोलकाता में हयात रीजेंसी होटल के बाहर भी उनके प्रशंसक बड़ी संख्या में जमा हुए हैं। उनकी एक झलक के लिए फैन्स दीवानगी तक हद तक पहुंच गए हैं। उनके एक प्रशंसक ने कहा, 'हमने हाल ही में शादी की है, लेकिन मेसी के आने पर हमने अपना हनीमून प्लान रद्द कर दिया है, क्योंकि सबसे पहले हम मेसी को देखना चाहते हैं। हम उन्हें देखने को लेकर बहुत उत्साहित हैं और पिछले 10-12 वर्षों से उन्हें फॉलो कर रहे हैं।' लियोनेल मेसी की एक अन्य प्रशंसक ने कहा, 'पिछले शुक्रवार को हमारी शादी हुई थी और हमने अपना हनीमून प्लान रद्द कर दिया, क्योंकि मेसी आ रहे हैं और यह हमारे लिए बहुत अहम है। हम उन्हें 2010 से फॉलो कर रहे हैं।'

### आंकड़ों में मेसी की महानता

बार्सिलोना के लिए मेसी ने 778 मैचों में 672 गोल किए और 303 असिस्ट दिए। पीएसजी के लिए उन्होंने 88 मैचों में 77 गोल और 44 असिस्ट किए। वहीं इंटर मियामी के लिए अर्जेंटीना के इस दिग्गज ने 88 मैचों में 77 गोल और 44 असिस्ट दर्ज किए हैं। इसके अलावा, मेसी ने अर्जेंटीना के लिए 196 मैचों में 115 गोल दागे हैं, जो उन्हें अब तक के महानतम फुटबॉलरों में शामिल करता है।

### चार महानगरों का करेंगे दौरा एग्जीबिशन फुटबॉल मैच में लेंगे हिस्सा

आयोजकों ने सॉल्ट लेक स्टेडियम में होने वाले कार्यक्रम के लिए 78,000 सीटें सुरक्षित रखी हैं। यहां मेसी शनिवार को 45 मिनट तक चलने वाले एक कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके लिए टिकटों की कीमत 7,000 रुपये तक है। मेसी भारत में 72 घंटे से भी कम समय बिताएंगे, लेकिन इस दौरान वह चार महानगरों कोलकाता, हैदराबाद, मुंबई और दिल्ली का दौरा करेंगे। कोलकाता के बाद वह हैदराबाद के लिए रवाना होंगे। हैदराबाद में मेसी राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में होने वाले बहुप्रतीक्षित 7v7 एग्जीबिशन फुटबॉल मैच में हिस्सा लेंगे। इस खास आयोजन में तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के भी शामिल होने की उम्मीद है।

### बेटे के साथ पहुंचे शाहरुख खान


आज शनिवार की सुबह शाहरुख को अपने सबसे छोटे बेटे अबराम के साथ कोलकाता पहुंचते देखा गया। सुपरस्टार के साथ उनकी मैनेजर पूजा ददलानी भी थीं। शाहरुख के एयरपोर्ट से बाहर निकलते हुए कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। उनके साथ अबराम की भी एक झलक मिलती है। शाहरुख अपने बेटे का हाथ पकड़े हुए नजर आते हैं। शाहरुख ने जींस के साथ डार्क जैकेट पहनी हुई है।

### कोलकाता में मेसी की विशाल प्रतिमा

मेसी के प्रति अपने प्यार को दिखाने के लिए श्रीभूमि स्पोर्टिंग क्लब ने कोलकाता के लेक टाउन (साउथ दमदम) में उनकी 70 फीट ऊंची लोहे की प्रतिमा तैयार की है। इस प्रतिमा में मेसी को फीफा वर्ल्ड कप ट्रॉफी थामे हुए दिखाया गया है। फिलहाल प्रतिमा का अंतिम फिनिशिंग कार्य चल रहा है और आसपास के इलाके को भी सजाया-संवारा जा रहा है। इस प्रोजेक्ट की तैयारियों को मोंटी पॉल की टीम अंतिम रूप दे रही है।

MESSI'S FEVER IN KOLKATA





### 45 हजार का टिकट, मेसी की एक झलक तक न मिली, आगबबूला फैंस ने कुर्सियां तोड़ी, बोतलें फेंकी

**नई दिल्ली।** लियोनेल मेसी इस समय भारत दौरे पर हैं और कोलकाता से इसकी शुरुआत कर रहे है। रात से ही कोलकाता एयरपोर्ट पर फैंस की भीड़ थी ताकि फैंस अपने स्टार की एक झलक देख सकें। सॉल्ट लेक स्टेडियम में भी मेसी का कार्यक्रम था और यहां भी उनके फैंस की संख्या कम नहीं थी। लेकिन यहां फैंस ने बवाल काट दिया। मेसी के स्टेडियम में जाने के बाद फैंस नाराज हो गए और मैदान के अंदर बोतलें फेंकने लगे। इतना ही नहीं, फैंस ने स्टेडियम में कुर्सियां तक फेंकनी शुरू कर दीं। फैंस का कहना है कि वह अपने स्टार की एक झलक तक नहीं देख पाए जबकि वह टिकट खरीदकर ये कार्यक्रम देखने आए थे।

## बुलडोजर एक्शन के दौरान हंगामा तोड़ा बुलडोजर का शीशा


**हल्द्वानी।** मुखानी चौराहे से क्रियाशाला रोड के बीच स्थित एक अतिक्रमण को हटाने के दौरान हंगामा खड़ा हो गया। नगर निगम के अनुसार मुखानी चौराहे से नीचे सिंचाई विभाग की खाली जमीन है। जिस पर हाईटेक शौचालय बनाने का प्रस्ताव पास हुआ था। शनिवार को निगम और राजस्व की टीम अतिक्रमण को हटाने के लिए पहुंच गई। इस बीच कब्जाधारक के पक्ष से जुड़े लोगों की टीम के साथ नोंकझोंक शुरू हो गई। गुस्साए लोगों ने पत्थर मार बुलडोजर का शीशा तोड़ दिया

# पंकज चौधरी यूपी भाजपा के नये बॉस!

● प्रदेश अध्यक्ष चुनाव के लिए किया नामांकन



**लखनऊ।** यूपी भारतीय जनता पार्टी के नये बॉस पंकज चौधरी होंगे। आज पार्टी मुख्यालय में हुए चुनावी प्रक्रिया में पंकज चौधरी ने अध्यक्ष पद के लिए नामांकन किया। इस दौरान सीएम योगी और केशव मौर्या उनके प्रस्तावक बने। इसके साथ ही अध्यक्ष पद के नामों को लेकर चल रही अटकलें समाप्त हो गयीं। कुर्मी समाज से आने वाले पंकज चौधरी महाराज गंज से सांसद हैं और मोदी सरकार में केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री का पद संभाल रहे हैं। सुबह से ही भाजपा कार्यालय में हलचल देखी जा रही थी। दोपहर 12 बजे तक डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और केशव मौर्या पार्टी कार्यालय पहुंच गए थे। इसके साथ दो बजते-बजते वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, साध्वी निरंजन ज्योति, ओपी सरकार में मंत्री दारा सिंह चौहान, बाबू राम निषाद, पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय पहुंचे। वहीं, विनोद तावड़े, पीयूष गोयल, पंकज चौधरी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी कार्यालय पहुंच गए। सुबह पंकज चौधरी के लखनऊ एयरपोर्ट पर पहुंचते ही भारी संख्या में मौजूद पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इससे पहले चुनाव अधिकारी महेन्द्र नाथ पाण्डेय ने 464 मतदाताओं की सूची जारी की। नामांकन के बाद आज शाम नामांकन पत्रों की जांच होगी और कल नये अध्यक्ष के नाम का ऐलान किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार, भाजपा का पंकज चौधरी के चेहरे पर दांव लगाने का मकसद आगामी विधानसभा चुनाव में सपा के पीडीए के दांव को कमजोर करने की कोशिश भी मानी जा रही है। बताते चलें कि यूपी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति 15 जनवरी 2025 को होनी थी, लेकिन महाराष्ट्र चुनाव तो कभी यूपी उपचुनाव और फिर बिहार चुनाव के चलते मामला लटकता चला गया।




# केरल में यूडीएफ को बढ़त

## भारतीय जनता पार्टी भी फायदे में, वामपंथियों को झटका



● राज्य के 14 जिलों में दो चरणों में निकाय चुनाव के लिए मतदान हुआ था

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के स्थानीय निकाय चुनाव के नतीजों के लिए शनिवार को मतगणना जारी है। राज्य के 14 जिलों में दो चरणों में निकाय चुनाव के लिए मतदान हुआ था। पहले चरण में नौ दिसंबर को सात जिलों में मतदान हुआ था। जिन जिलों में मतदान हुआ था, उनमें तिरुवनंतपुरम, कोल्लम, पथानमथिट्टा, अलप्पुझा, कोट्टयम, इडुक्की और एर्नाकुलम शामिल थे। कुल मतदान प्रतिशत 70.90 रहा। सबसे अधिक मतदान एर्नाकुलम जिले में 73.96 फीसदी हुआ। वहीं सबस कम मतदान पथानमथिट्टा जिले में 66.35 फीसदी हुआ। वहीं, दूसरे और अंतिम चरण में सात अन्य जिलों त्रिशूर, पलक्कड़, कोझिकोड, मलप्पुरम, कन्नूर, वायनाड और कासरगोड में 11 दिसंबर को मतदान हुआ था।

## नौ साल बाद लौट आयीं अंगूरी भाभी



**मुम्बई।** 'बिग बॉस 11' की विजेता और टीवी अभिनेत्री शिल्पा शिंदे ने यूं तो कई टीवी शोज में काम किया है लेकिन 'भाभी जी घर पर हैं' की अंगूरी भाभी के तौर पर वो छा गईं। साल 2015 में शो की शुरुआत हुई थी लेकिन फिर एक साल बाद 2016 में विवादों के चलते उन्होंने शो को अलविदा कह दिया। अब करीब नौ वर्षों के बाद शिल्पा एक बार फिर शो में वापसी कर रही हैं। उनका कमबैक शो के नए सीजन 2.0 में होने जा रहा है। इससे जुड़ा प्रोमो भी मेकर्स की ओर से जारी कर दिया गया है। एंड टीवी का सुपरहिट कॉमेडी शो 'भाभीजी घर पर हैं' इन दिनों जबरदस्त चर्चा में है और इसकी सबसे बड़ी वजह है शिल्पा शिंदे की धमाकेदार वापसी। शो के नए सीजन में एक बार फिर शिल्पा नजर आने वाली हैं।

जनमुख हिन्दी दैनिक City लाइव
● तापमान अधिकतम : 28.3°C
● तापमान न्यूनतम : 13.0°C
● सूर्योदय : 06.10
● सूर्यास्त : 05.14
वाराणसी, 13 दिसम्बर, शनिवार, 2025 (3)


छाया : जनमुख डेस्क








# रफ्तार की मार

## बीएचयू में पेड़ से जा भिड़ी बाईक, एक छात्र की मौत, दो गंभीर



**● परिसर में दौड़ी शोक की लहर, फैक्लिटियों में पसरा मातम**

**वाराणसी।** वाराणसी के काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) परिसर में 12 दिसंबर 2025 की देर रात सड़क हादसा हुआ। इसमें एक छात्र की मौत हो गई। दो अन्य छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा रात करीब 1:30 बजे विश्वविद्यालय के होलकर भवन के पास हुआ, जब तेज रफ्तार और अनियंत्रित मोटरसाइकिल सड़क किनारे लगे आम के पेड़ से जा टकराई। मोटरसाइकिल पर सवार तीनों छात्र महिला महाविद्यालय की ओर से एलडी चौराहे की तरफ जा रहे थे। होलकर भवन के सामने बाईं ओर अचानक बाइक अनियंत्रित हो गई और सीधे आम के पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और तीनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे। हादसे की आवाज सुनकर आसपास मौजूद लोग मौके पर पहुंचे और तुरंत विश्वविद्यालय प्रशासन और पुलिस को सूचना दी। घटना में सोनू सुथर, एमपीएड द्वितीय वर्ष (सत्र 2024–26), नामांकन संख्या 458912, गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें तुरंत बीएचयू ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सोनू सुथर की मौत की खबर मिलते ही विश्वविद्यालय परिसर में शोक की लहर दौड़ गई। साथी छात्र और शिक्षक गहरे सदमे में हैं। हादसे में घायल अन्य दो छात्रों में मनीष कुमार, बैचलर ऑफ वेटरनरी साइंस एंड एनिमल हसबैंड्री, राजीव गांधी साउथ कैंपस, नामांकन संख्या 412301 (पूर्व छात्र, जो डिग्री लेने आए थे) और संतोष कुमार, बीपीएड द्वितीय वर्ष, नामांकन संख्या 478668 शामिल हैं। दोनों छात्रों को गंभीर चोटें आई हैं। उनका इलाज बीएचयू ट्रॉमा सेंटर में जारी है। डॉक्टरों के अनुसार दोनों की हालत नाजुक बनी हुई है, हालांकि वे चिकित्सकीय निगरानी में हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, मोटरसाइकिल की रफ्तार काफी तेज थी और हादसे के बाद बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना की सूचना मिलते ही लंका थाना पुलिस और विश्वविद्यालय प्रशासन मौके पर पहुंचा। पुलिस ने मृतक छात्र के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है।

## ...वो मुझसे बच्चा पैदा करना चाहती थी साहब

**● शिवपुर में महिला की घर में घुसकर हत्या के मामले का खुलासा**

**वाराणसी।** शिवपुर थाना क्षेत्र के लक्ष्मणपुर में बीते 11 दिसंबर को अज्ञात बदमाशों ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अनुपमा उर्फ सीता (45) को सुबह करीब आठ बजे के करीब मुंह में कपड़ा ठूंसकर धारदार हथियार व सिलबट्टे से सिर पर प्रहार कर हत्या करने के मामले में पुलिस दंपति को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी दंपति ने जो बताया उसे सुनकर पुलिस भी हैरान रह गयी। जानकारी के अनुसार मोहित यादव अपनी पत्नी अंजलि चौहान के साथ सीता के घर के पास शारदा विहार कॉलोनी (लक्ष्मणपुर) में किराए पर रहता था। सीता से दूध खरीदने के दौरान मोहित का परिचय हो गया था। वह मोहित से संबंध स्थापित कर संतान उत्पन्न करना चाहती थी। ऐसा न करने पर पुलिस से शिकायत कर फंसाने की धमकी देती थी। मोहित यादव ने पूरी बात को अपनी पत्नी अंजलि चौहान से शेयर किया। इसके बाद दोनों ने यह तय किया कि इसे रास्ते से हटा देते हैं। इसके बाद भीं मोहित ने उसे काफी समझाया, अपनी पत्नी का हवाला दिया लेकिन वह लगातार दबाव बनाती रही। जिसके बाद मोहित इस घटना को अंजाम दिया।

## कालीन को लेकर बदली धारणा



**● ख़ुशी एंटरप्राइजेज का एक साल मुकम्मल**

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** इण्डस्ट्रियल एस्टेट चांदपुर स्थित खुशी एंटरप्राइजेज के कार्पेट एक्सपीरियंस सेंटर ने अपना पहला सफल वर्ष पूरा कर लिया है। यह भारत का पहला और एकमात्र केंद्र है जहां आगंतुकों को कालीनों को छूकर, देखकर और समझकर वास्तविक अनुभव प्राप्त होता है। एक ही छत के नीचे भारत में निर्मित लगभग सभी प्रकार के कालीनों को प्रदर्शित किया गया, जिसमें लोग देश की समृद्ध कालीन विरासत को नजदीक से समझ पाते हैं। खुशी एंटरप्राइजेज के संस्थापक हुसैन जाफर हुसैनी ने बताया कि खुशी एंटरप्राइजेज का मुख्य उद्देश्य लोगों को कालीनों के बारे में शिक्षित करना है। कालीन कैसे बनाए जाते हैं, गुणवत्ता की पहचान कैसे की जाती है? कालीन बनाने में किन-किन सामग्रियों का इस्तेमाल किया जाता है? सही मूल्यों को कैसे परखा जाए? कालीनों की सही सफाई और देखभाल कैसे की जाती है? केंद्र भविष्य में एक अनोखी पहल शुरू करने जा रहा है जिसके तहत लोग कालीन निर्माण प्रक्रिया में भाग ले सकेंगे। कार्पेट एक्सपीरियंस सेंटर प्रतिदिन सुबह दस बजे से शाम सात बजे तक खुला रहता है।

## तीन किलोमीटर लंबा 'वाटर डिवाइडर' बिछाकर होगी 84 घाटों की नाकाबंदी

**वाराणसी।** गंगा में जल्द ही ट्रैफिक व्यवस्था नजर आएगी। नावों के आने और जाने के रास्ते अलग-अलग होंगे। इसके लिए तीन किलोमीटर जल क्षेत्र को फ्लोटिंग जेटी के जरिए लेन डिवाइड किया जाएगा। नई व्यवस्था से नावों के टकराने की घटना नहीं होगी। किन्हीं परिस्थितियों में नाव डिवाइडर से टकराए भी तो जेटी पानी से भरा होने के कारण हादसे की आशंका नहीं रहेगी। काशी में पयर्टकों की संख्या करोड़ों में पहुंचने और रजिस्टर्ड क्रूज, बजड़ा, हाथ नाव, मोटर बोट की संख्या 2095 तक जा पहुंचने से जल पुलिस ने ट्रैफिक प्लान बनाया है। आठ किलोमीटर में 84 घाटों की सुरक्षा के लिए 60 किलोमीटर प्रतिघंटा की गति से चलने वाली स्पीड बोट पहले से तैनात किया गया है। जल पुलिस की संख्या 32 से बढ़ाकर 100 किया जाएगा। तीन किलोमीटर एरिया में मजबूत जाल बिछाया जाएगा। उसके ऊपर फ्लोटिंग जेटी लगाकर दो लेन तैयार किया जाएगा। पानी भरने के बाद जेटी का वजन औसतन साढ़े तीन सौ किलो को होगा। डिवाइडर लेन के पास कोई हादसा हुआ भी तो फ्लोटिंग जेटी के नीचे लगा मजबूत जाल जान बचाने में मददगार बनेगा।

## उपासना स्थलों, चेरिटेबल ट्रस्टों एवं विद्यालयों को हाउस टैक्स से मुक्ति



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** काशी की धार्मिक, सांस्कृतिक गरिमा तथा जनहित को ध्यान में रखते हुए महापौर अशोक कुमार तिवारी द्वारा नगर क्षेत्र के सभी सार्वजनिक उपासना स्थलों, चेरिटेबल ट्रस्टों एवं विद्यालयों को सामान्य कर (हाउस टैक्स) से मुक्त किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। नगर आयुक्त ने स्पष्ट किया कि यह छूट नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 177 में वर्णित प्रावधानों के अनुरूप दी जा रही है। नगर आयुक्त ने यह भी बताया कि नगर निगम द्वारा यह प्रक्रिया पूर्व से संचालित है और अब इसे अधिक पारदर्शी व सुगम बनाने हेतु आमजन को विशेष रूप से अवगत कराया जा रहा है। नगर आयुक्त नगर क्षेत्र के सभी पात्र भवन स्वामियों से अनुरोध किया है कि वे अपने भवन का पूरा विवरण एवं अभिलेख संबंधित जोनल कार्यालय में प्रस्तुत करें।

## बूथ शसक्तिकरण स्नेह मिलन कार्यक्रम के लिए महानगर अध्यक्ष ने बांटी जिम्मेदारी



**● बेहतर परिणाम वाले बूथ अध्यक्ष किए जाएंगे सम्मानित**

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** भारतीय जनता पार्टी महानगर कार्यालय गुलाब बाग पर में शुक्रवार को अति महत्वपूर्ण बैठक बूथ अध्यक्षों के सम्मान के लिए संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि ने बताया, 14 दिसंबर को सायंकाल 3:00 बजे से होटल डी पेरिस में जिला एवं महानगर के बूथ अध्यक्षों का सम्मेलन आयोजित किया गया है। सम्मेलन में ऐसे बूथ अध्यक्षों को विशेष रूप से सम्मानित भी किया जाएगा, जिनके बूथ पर पिछले लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में 70% या उससे अधिक मत पड़े। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल एवं भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल होंगे। कार्यक्रम को सफलता पूर्वक संपन्न कराने के लिए महानगर अध्यक्ष ने महानगर पदाधिकारीयों एवं पार्षदों को जिम्मेदारी सौंपी है। मधुकर चित्रांश को कार्यक्रम का संयोजक बनाया गया है।

## तमिल संगमम् में काशी के कलाकारों ने दिखायी प्रतिभा



**● अपनी प्रस्तुति से दक्षिण भारतीय कलाकारों ने भी किया भावविभोर**

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** नमो घाट स्थित मुक्ताकाशी प्रांगण में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में उत्तर और दक्षिण के कलाकारों की प्रस्तुतियां देख दर्शक भावविभोर हो गए। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत प्रथम प्रस्तुति डॉ. श्रुति उपाध्याय एवं दल, वाराणसी द्वारा गायन से किया गया। तबले पर संतोष सिंह, हारमोनियम पर आलोक मिश्रा ने संगत किया। द्वितीय प्रस्तुति राज कुमार तिवारी एवं दल, वाराणसी द्वारा लोक गायन से दी गयी। तबले पर दीपक मिश्रा, ढोलक पर गौतम, पैड पर सूरज तथा बैंजो पर जी आर वर्मा ने संगत किया। तृतीय प्रस्तुति रही ओम प्रकाश पांडेय एवं दल, द्वारा भजन गायन से दी गयी। तबले पर संगीत कुमार, साइड रिदम पर संजय श्रीवास्तव ने संगत किया। एस गौतम एवं दल, तमिल नायडू द्वारा थापट्टन लोक वादन से प्रस्तुति दी गई। पंचम प्रस्तुति सौरभ दास एवं दल, वाराणसी द्वारा लोक नृत्य की। कलाकार थे जानकी माझी, साक्षी प्रिया, श्रुति सिंहा, साक्षी मिश्रा, स्वाति विश्वकर्मा, सृष्टि शर्मा, सोनल यादव। छठीं प्रस्तुति रही राहुल मुखर्जी एवं दल द्वारा ओडिसी नृत्य से दी गयी। कलाकार थे राहुल मुखर्जी, अत्रिका बाजपेई, एक्षिता पाठक, अमूल्य हर्षित, तोशीता चक्रवर्ती, अद्रिका, आराध्या शाही। कार्यक्रम की अंतिम प्रस्तुति शिव कुमार एवं दल तमिलनाडु द्वारा जिकट्टम तमिल लोक नृत्य एवं वादन की से दी गयी।

## 11 विकास कार्यों का शिलान्यास



**● 3 करोड़ 26 लाख की लागत**

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** विधानसभा रोहनिया क्षेत्र के चितईपुर स्थित आर आर पैलेस में शुक्रवार को दोपहर में मुख्य अतिथि रोहनिया विधायक डॉक्टर सुनील पटेल तथा विशिष्ट अतिथि विधान परिषद सदस्य एवं भाजपा जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा ने संयुक्त रूप से मुख्यमंत्री नगरीय अल्प विकसित एवं मलिन बस्ती विकास योजना अंतर्गत वर्ष 2024- 25 रोहनिया विधानसभा क्षेत्र के सीर गोवर्धनपुर में इंटरलॉकिंग व जल निकासी कार्य, सड़क एवं सीवर निर्माण कार्य,करौंदी नासीरपुर में रोड निर्माण कार्य, सुसुवाही स्थित प्रज्ञापुरी कॉलोनी में सीसी रोड व जल निकासी कार्य, कंदवा स्थित आनंद नगर कॉलोनी में सीसी रोड एवं जल निकासी कार्य, राजीव नगर कॉलोनी में सीसी रोड एवं जल निकासी का कार्य, मणिनगर कॉलोनी में सीसी रोड एवं जल निकासी का कार्य तथा शिवाजी नगर में सीसी रोड का कार्य, पारस पार्क कॉलोनी में सीसी सड़क निर्माण कार्य, पहाड़ी स्थित लक्ष्मी नगर में सीसी रोड एवं जल निकासी कार्य, शिवदासपुर में इंटरलॉकिंग व जल निकासी कार्य सहित 3 करोड़ 26 लाख के लागत की 11 विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास किया।

## मैक्स हॉस्पिटल ने की आर्थराइटिस और जॉइंट रिप्लेसमेंट ओपीडी की शुरुआत

**● टोटल जॉइंट रिप्लेसमेंट आर्थराइटिस में बेहद प्रभावी –डॉ. रमणीक**



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** मैक्स स्मार्ट सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, साकेत, ने शुक्रवार को वाराणसी के रॉयल मैटरनिटी एंड नर्सिंग होम में अपनी एक्सक्लूसिव ऑर्थोपेडिक्स और जॉइंट रिप्लेसमेंट ओपीडी सेवाओं की शुरुआत की। ओपीडी लॉन्च के दौरान मैक्स स्मार्ट सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, साकेत के ऑर्थोपेडिक्स, जॉइंट रिप्लेसमेंट विभाग के चेयरमैन एवं रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट विभाग के चीफ-डॉ. रमणीक महाजन, और रॉयल मैटरनिटी एंड नर्सिंग होम, वाराणसी के डायरेक्टर-डॉ. हरिओम सिंह, उपस्थित रहे। डॉ. रमणीक महाजन और उनकी टीम हर महीने दूसरे शनिवार, सुबह 11 बजे से 3 बजे तक रॉयल मैटरनिटी एंड नर्सिंग होम में प्राथमिक परामर्श और फॉलो-अप के लिए उपलब्ध रहेंगे। ओपीडी लॉन्च के दौरान, मैक्स स्मार्ट सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, साकेत, के ऑर्थोपेडिक्स, जॉइंट रिप्लेसमेंट विभाग के चेयरमैन एवं रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट विभाग के चीफ- डॉ. रमणीक महाजन, ने कहा, हम अपनी एक्सक्लूसिव ऑर्थोपेडिक और जॉइंट रिप्लेसमेंट ओपीडी सेवाएँ अब वाराणसी के लोगों तक सीधे पहुँचा पा रहे हैं। जॉइंट से जुड़े लक्षणों में घुटने और हिप जॉइंट का दर्द, जकड़न, चलने में कमी, सूजन, अस्थिरता या गिरने, चोट, दुर्घटना या स्पोर्ट्स इंजरी से होने वाला पोस्ट- ट्रॉमेटिक आर्थराइटिस शामिल है। जब गंभीर लक्षण नॉन-सर्जिकल उपचार जैसे गतिविधियों में बदलाव, फिजिकल थेरेपी या दवाओं से नियंत्रित नहीं होते, तब जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी की आवश्यकता होती है। टोटल जॉइंट रिप्लेसमेंट गंभीर आर्थराइटिस में बेहद प्रभावी साबित होता है और आधुनिक तकनीक की बदौलत मरीजों को कम हॉस्पिटल स्टे, जल्दी रिकवरी और अधिक संतोषजनक परिणाम मिलते हैं।' टोटल जॉइंट रिप्लेसमेंट में खराब हुए जॉइंट हिस्सों को प्रोस्थेसिस से बदला जाता है। MAKO रोबोटिक सिस्टम की मदद से सर्जन सटीक सर्जरी के लिए 3ॐ मॉडल तैयार करते हैं। रियल-टाइम इमेजिंग, सेंसर और हैप्टिक बाउंड्री जैसी तकनीक ऑप्टीमल फिट और सही अलाइनमेंट सुनिश्चित करती है, जिससे टिश्यू ट्रॉमा, दर्द और स्कारिंग कम होती है। मिनिमली इनवेसिव, लिगामेंट-स्पेरिंग अंडरवास्टस अप्रोच और एडवांस्ड क्लोजर तकनीक के साथ रिकवरी और भी आसान और कम दर्द वाली होती है।

**जनमुख परामर्श मंडल**

**एस. कुमार**
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

**संतोष अग्रवाल** हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

**श्रीनारायण खेमका**
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

**वी.के.जैन**
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

**डा. एस.के.पाठक**
वरिष्ठ चिकित्सक

**डा. नीलम ओहरी**
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'

समाचार सम्पादक
सरोज सिन्हा

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।

रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324

# मऊ समाचार

## डीआईजी ने मऊ थाने का किया निरीक्षण




**मऊ।** पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) आजमगढ़ परिक्षेत्र, सुनील कुमार सिंह ने मऊ का दौरा किया। उन्होंने शुक्रवार देर रात थाना दक्षिण टोला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान, डीआईजी ने थाना कार्यालय के अपराध रजिस्टर, आर्डर बुक (न्यायालय), भूमि विवाद रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, जनसुनवाई रजिस्टर, सीसीटीएनएस शाखा, महिला हेल्प डेस्क, मालखाना और बंदीगृह का जायजा लिया। उन्होंने अभिलेखों को समय पर दर्ज करने के निर्देश दिए।
डीआईजी ने गैंगेस्टर, गुंडा एक्ट और एचएस (हिस्ट्रीशीटर) से संबंधित मामलों में त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त महिला आरक्षी को प्रार्थना पत्रों को गंभीरता से सुनने और उनके निस्तारण के बाद नियमित फीडबैक लेने के निर्देश भी दिए। इसके अतिरिक्त, उन्होंने थाना परिसर का भ्रमण कर साफ-सफाई का निरीक्षण किया और इसे उच्च स्तर पर बनाए रखने के निर्देश दिए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर अंजनी कुमार पाण्डेय और थाना अध्यक्ष सहित अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

# सुल्तानपुर समाचार

## सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत, कार चालक गंभीर

**अखंडनगर (सुल्तानपुर)।** बेलवाई–हलियापुर मार्ग पर रूपईपुर मोड़ के पास शुक्रवार शाम तेज रफ्तार कार और बाइक की भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक और कार सवार घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया, जहां डॉ. सुधीर बरनवाल ने बाइक सवार सर्वेश सिंह (31) निवासी बेहटा, दीदारगंज, आजमगढ़ को मृत घोषित कर दिया।
वहीं, कार चालक आलोक द्विवेदी निवासी मीरपुर प्रतापपुर को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल अंबेडकरनगर रेफर किया गया है। पुलिस के मुताबिक बाइक सवार ने हेलमेट लगाया था। थाना प्रभारी संत कुमार सिंह ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सुरक्षित स्थान पर रखवा दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# भदोही समाचार

## 40 पीपा ही जुड़ सका, दिसंबर में पीपा पुल शुरू होना मुश्किल



**सीतामढ़ी।** जिले में पीपा पुलों का निर्माण धीमी गति से होने से आम लोगों की असुविधाएं बढ़ती जा रही हैं। दिसंबर भी लगभग आधा खत्म होने को है लेकिन अभी तक जिले के किसी भी पीपा पुल का निर्माण पूरा नहीं हो सका है। जिले के रामपुर, सीतामढ़ी और धनतुलसी पीपा पुलों का निर्माण अधर में लटका हुआ है। जिले के धार्मिक एवं पौराणिक स्थल सीतामढ़ी में पीपा पुल का निर्माण लोक निर्माण मिर्जापुर करवाता है, लेकिन इस पीपा पुल का निर्माण बेहद धीमी गति से चल रहा है। निर्माण की गति पर नजर डालें तो पीपा पुल का निर्माण दिसंबर में भी पूरा हो पाना संभव नहीं दिख रहा है। शुक्रवार तक सीतामढ़ी की ओर से 40 पीपा को जोड़ा जा चुका है लेकिन अभी भी 50 से अधिक पीपों को जोड़ना बाकी है। उधर मिर्जापुर मिश्रपुर गंगा घाट की ओर पानी के तेज बहाव से निर्माण कार्य में बाधा आ रही है। शुक्रवार को गंगा के पानी के बहाव का रूट डायवर्जन करने के लिए गंगा में बालू की बोरियां डाली जा रही हैं। गंगा का जलस्तर अब कम हो गया है।
गंगा में जगह-जगह रेत के टीले दिखने लगे हैं। तीनों पीपा पुलों से औसतन प्रतिदिन 25 हजार लोग आवागमन करते हैं। सीतामढ़ी पीपा पुल के जेई श्रवण कुमार ने कहा कि गंगा में बोरी डाल कर धारा परिवर्तन का प्रयास किया जा रहा है।

# चंदौली समाचार

## रेवसा में कैंपस प्लेसमेंट ड्रॉइव 16 दिसंबर को

**चंदौली।** सेवा योजन विभाग की ओर से राजकीय आईटीआई परिसर में कैंपस प्लेसमेंट ड्रॉइव 16 दिसंबर को को आयोजित किया जाएगा।
जिला प्रशासन की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में प्रतिभाग करने के लिए अभ्यर्थियों को सेवायोजन विभाग के पोर्टल rojgaarsangam. up.gov.in पर अपना पंजीयन कराना होगा। इस कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में विजन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम जीएमआर स्मार्ट मीटर (वेतन-12500) प्रतिभाग कर बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। मेले में भाग लेने वाले समस्त अभ्यर्थी अपने सभी शैक्षिक मूल अंकपत्र, प्रमाणपत्र, बायोडाटा, 04 पासपोर्ट साइज फोटो लेकर सुबह 10 बजे आयोजन स्थल पर पहुंचेंगे।

# प्रयागराज समाचार

## गंगा एक्सप्रेसवे में भूमि अधिग्रहण का फंसा पेंच, मुआवजे से किसान असंतुष्ट



**प्रयागराज।** गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना की भौतिक प्रगति 93.27 फीसदी हो गई है लेकिन सोरांव के कुछ गांवों में भूमि अधिग्रहण को लेकर पेच फंसा है। शुक्रवार को निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए एडीएम सिटी सत्यम मिश्र ने संबंधित अभियंता को निर्देश दिया कि एसडीए सोरांव से समन्वय स्थापित कर मामले का निस्तारण कराएं। मेरठ से प्रयागराज तक बनाया जा रहा एक्सप्रेसवे 12 जिलों से होकर गुजरता है। इसकी लंबाई 594 किमी है। परियोजना की लागत 36229.67 करोड़ है। परियोजना के तहत प्रयागराज में एक्सप्रेसवे की इसकी लंबाई 15.647 किमी है और परियोजना की कुल भौतिक प्रगति 93.27 प्रतिशत है। ग्राम सभा पूरबनारा, सराय मदन सिंह उर्फ चांटी, गिरधरपुर गोड़वा, सराय हरीराम में कुछ काश्तकार संतुष्ट नहीं हैं। एडीएम सिटी से किसानों से बातचीत कर मामले का निस्तारण कराने के निर्देश दिए हैं। बैठक में राष्ट्रीय मार्ग खंड के सहायक अभियंता ने बताया कि पांच करोड़ से अधिक की दो परियोजनाएं है, जिसकी भौतिक प्रगति 98 प्रतिशत है। इसके अलावा भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्रयागराज इनर रिंग रोड का निर्माण कार्य तीन फेज में कराया जा रहा है।

# गाजीपुर समाचार

## पत्नी से छेड़खानी करने से गुस्साए युवक ने लाठी मारकर की थी हत्या

**बरेसर।** पत्नी के साथ हुई छेड़खानी से आक्रोशित होकर एक युवक ने लाठी से प्रहार कर सर्वजीत की हत्या की थी। पुलिस ने यह खुलासा शुक्रवार को देहंदु अंडरपास पुलिया से हत्यारोपी को गिरफ्तार करने के बाद किया। थाना प्रभारी धीरेंद्र कुमार सोनकर ने बताया कि आठ दिसंबर को नसीराबाद कंपोजिट विद्यालय के पास एक युवक का शव मिला था। मृतक की शिनाख्त नसीराबाद गांव निवासी सर्वजीत सिंह के रूप में हुई थी। पुलिस प्राथमिकी दर्जकर मामले की छानबीन कर रही थी। सूचना पर दहेंदु अंडरपास पुलिया के पास से आरोपी जयराम राजभर को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने बताया कि मेरी पत्नी सात दिसंबर को कंपोजिट विद्यालय नसीराबाद की साफ सफाई कर रही थी।

# मीरजापुर समाचार

## जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार मे विकास कार्यो, पूर्वांचल निधि, अंकाक्षात्मक ब्लाको में कराए जा रहे कार्य प्रगति की ली जानकारी



**मीरजापुर।** जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में विकास परक अधिकारियो व के साथ बैठक कर विकास कार्यो, सी0एम0 डैशबोर्ड, अंकाक्षात्मक विकास खण्ड व पूर्वांचल निधि के द्वारा जनपद में कराए जा रहे कार्यो/निर्माण कार्यो के प्रगति की जानकारी ली। विकास कार्यो की समीक्षा के दौरान पी0एम0 सूर्य घर मे कार्य योजना बनाकर लोगो को प्रेरित करते हुए सोलर ऊर्जा प्लांट लगवाकर प्रगति लाने का निर्देश दिया गया। इसी प्रकार समाज कल्याण विभाग अल्पसंख्यक व पिछड़ा वर्ग के द्वारा दी जाने वाली दशमोत्तर व पूर्व दशम छात्रवृत्ति को 31 दिसम्बर 2025 तक प्रत्येक दशा में लाभार्थियो के खाते मे छात्रवृत्ति की धनराशि भेजते हुए शत–प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित कराए। फैमिली आई0डी0 की समीक्षा के दौरान बताया गया कि 75 प्रतिशत प्रगति अब तक की गई है। जिलाधिकारी ने माह के अन्त तक 90 प्रतिशत तक प्रगति लाने का निर्देश दिया। सेतु निगम के द्वारा निर्माणाधीन सेतुओ की समीक्षा में बताया गया कि मात्र एक सेतु आमघाट रेलेव ब्रिज पर कार्य प्रगति पर है जो मासान्त तक पूर्ण करा लिया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि दिसम्बर माह के अन्त तक कार्य पूर्ण कराना प्रत्येक दशा में सुनिश्चित करें। नई सड़को के निर्माण में 95 प्रतिशत की प्रगति बताई गई मात्र एक सड़क अवशेष है जिस पर कार्य प्रगति पर है माह के अन्त तक पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। युवा उद्यमी स्वारोजगार योजना की समीक्षा के संबंध में जिलाधिकारी ने कहा कि उपायुक्त उद्योग बैंको से समन्वय स्थापित करते हुए स्वीकृति के सापेक्ष ऋण वितरण सुनिश्चित कराएं। बैठक में क्रिटिकल गैप्स योजना के तहत कराए जाने वाले कार्यो पूर्वांचल निधि के कार्य वन विभाग द्वारा विढण्म फाल में निर्माणाधीन ओपन किचन, महिलाओ के लिए शौचालय कार्य को तत्काल पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया।

# आजमगढ़ समाचार

## मैजिक ने मारी टक्कर, बाइक सवार युवक की गई जान

**लाटघाट।** रौनापार थाना क्षेत्र के कांखभार बाजार में बृहस्पतिवार की रात बाइक और मैजिक की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। इसमें ग्राम जम्मनपुर थाना जीयनपुर निवासी बाइक चालक प्रेमचंद (21) की मौत हो गई। उधर हादसे के बाद रात का फायदा उठाते हुए तेज गति से मैजिक सवार वाहन लेकर भाग गया।जीयनपुर थाना क्षेत्र के जम्मनपुर निवासी प्रेमचंद बृहस्पतिवार की दोपहर बाइक से दोहरीघाट की तरफ गया था। वह देर रात बाइक से घर लौटते समय रौनापार थाना क्षेत्र के कांखभार बाजार में दोहरीघाट की तरफ से बाइक से आ रही बाइक को लाटघाट से दोहरीघाट की तरफ जा रही मैजिक ने टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना लाटघाट जम्मनपुर के ग्राम प्रधान रामप्रताप सिंह को दी। थोड़ी देर बाद मौके पर ग्राम प्रधान घायल को अस्पताल ले गए। जहां उसकी मौत हो चुकी थी।

# गोरखपुर समाचार

## नाबालिग के अपहरण की कोशिश नाकाम, चलती बाइक से कूदी- शरीर पर आई गंभीर चोटें



**गोरखपुर।** थाना क्षेत्र के एक गांव में 10 दिसंबर की शाम 14 वर्षीय नाबालिग के अपहरण की कोशिश हुई। पीड़िता साहस दिखाते हुए आरोपियों की चलती बाइक से कूद गई, उसके हाथ, पैर और चेहरे पर गंभीर चोटें आईं। इसके बाद आरोपी भाग गए। पुलिस ने मामले में परिजनों की तहरीर पर अमरनाथ साहनी, सनी साहनी, संदीप साहनी और छद्दू साहनी के खिलाफ अपहरण, आपराधिक षड्यंत्र की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पीड़ित किशोरी के पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी बेटी किसी काम से गांव के काली माता स्थान गई थी। उसी दौरान पड़ोसी गांव के अमरनाथ साहनी, सनी साहनी, संदीप साहनी और छद्दू साहनी ने साजिश के तहत उसे जबरदस्ती बाइक पर बैठाकर बड़हलगंज की ओर ले जाने लगे। घटना की जानकारी मिलते ही वह भी अपनी बाइक से आरोपियों का पीछा किया। पिड़हनी के पास पीड़िता ने आरोपियों के चंगुल से खुद को छुड़ाते हुए चलती बाइक से कूद गई। इसके कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद आरोपी वहां से भाग निकले।

# देवरिया समाचार

## 57,904 लोगों के नाम मतदाता सूची से होंगे बाहर

**रुद्रपुर।** पंचायत चुनाव की तैयारी को लेकर जुटे राज्य निर्वाचन आयोग ने जिले में मतदाताओं के सत्यापन का कार्य पूर्ण करा लिया है। जिले के 16 ब्लॉकों में से 3,95,926 डुप्लीकेट वोटरों के सत्यापन में 57,904 लोगों का नाम वैध नहीं पाए जाने पर मतदाता सूची से बाहर किया जाएगा। इसके बाद 23 दिसंबर को पंचायत चुनाव के लिए मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन किया जाएगा। जिला प्रशासन पंचायत चुनाव कराने के लिए ऑनलाइन डाटा में पकड़े गए डुप्लीकेट वोटरों के सत्यापन का कार्य करा रहा है। 16 ब्लॉकों में कुल डुप्लीकेट मतदाताओं के सर्वे का कार्य कराने के बाद सत्यापन रिपोर्ट अपलोड किया जा चुका है, जिसमें भलुअनी में सर्वाधिक 8,051 वोटर डुप्लीकेट और सबसे कम पथरदेवा में 935 वोटर पाए गए।

# सोनभद्र समाचार

## जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से सीधा संवाद कर ग्राम में हुए विकास की जानी हकीकत



**सोनभद्र।** मा0 मंत्री समाज कल्याण विभाग श्री संजीव गौंड़ की उपस्थिति में व जिलाधिकारी श्री बी0 एन0 सिंह की अध्यक्षता में आज चोपन ब्लाक के ग्राम जुगैल के पंचायत भवन में ग्रीन चौपाल/ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान मा0 मंत्री समाज कल्याण विभाग श्री संजीव कुमार गौंड़ ने उपस्थित ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा देश के मा0 प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी व प्रदेश के मुख्य मंत्री श्री योगी आदित्य नाथ जी द्वारा ग्रामीणों के जीवन स्तर में बेहतर सुधार हेतु अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित हो रही हैं, जिससे ग्रामीणों के जीवन स्तर में व्यापक सुधार हो रहा है। इसी क्रम में आज ग्रामीणों के समस्याओं के निराकरण हेतु जिलाधिकारी के नेतृत्व में ग्रीन/ग्राम चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। इस चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों को अधिक से अधिक वृक्षारोपण करके वातावरण को शुद्ध करने के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है, जिससे कि प्रदूषण का स्तर कम हो और लोग स्वस्थ्य रहें। चौपाल के माध्यम से जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने का कार्य भी किया जा रहा है। इस मौके पर जिलाधिकारी श्री बी0एन0 सिंह ने ग्रामीणों से सीधा संवाद कर ग्रामीणों की समस्याओं को सुने और उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि इस चौपाल में ग्रामीणों द्वारा जो भी समस्याएं बतायी गयी हैं, उसका निराकरण शत-प्रतिशत पूर्ण किया जाये, उन्होंने कहा कि ग्रीन चौपाल का उद्देश्य है कि ग्रामीणांचल में अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर वातावरण को शुद्ध करते हुए प्रदूषण रहित बनाया जा सकें और गांवों में जैविक खेती, ग्राम वन की स्थापना भी की जाये और अधिक से अधिक वृक्ष लगाते हुए वन के स्वरूप को बेहतर बनाया जाये। उन्होंने कहा कि मनरेगा योजनान्तर्गत गांव में रोजगार की सुविधा उपलब्ध करायी जाये, ग्रामीणांचल की महिलाओं को समूहों से जोड़ा जाये, ग्राम जुगैल में 167 समूहों का गठन अब तक किया गया है, उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड योजना के अन्तर्गत पात्र लाभार्थियों के कार्ड बनाये जाये, आंगनबाड़ी केन्द्रों पर नियमित रूप से पोषाहार का वितरण किया जाये, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को आवास की सुविधा उपलब्ध कराने का कार्य किया जाये।

## चाइनीज मांझे पर कड़ी निगरानी की मांग: मानव जीवन और पर्यावरण के लिए खतरा

**जौनपुर।** अखिल भारतीय यादव महासभा ने मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। महासभा ने चाइनीज मांझे की बिक्री और उपयोग पर कड़ी निगरानी रखने की मांग की है। यह ज्ञापन प्रदेश महासचिव कमलेश यादव के नेतृत्व में शनिवार को दिया गया। महासभा के प्रदेश महासचिव कमलेश यादव ने बताया कि चाइनीज मांझा मानव जीवन, पक्षियों और जानवरों के लिए गंभीर खतरा बन गया है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में इससे होने वाली दुर्घटनाओं में लगातार वृद्धि दर्ज की गई है। यादव ने इस मांझे को सड़कों पर चलने वाले लोगों और दोपहिया वाहन चालकों के लिए विशेष रूप से खतरनाक बताया। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत धारदार और मजबूत होता है। उन्होंने जौनपुर की एक घटना का जिक्र किया, जहां 40 वर्षीय संदीप तिवारी की मांझे से गला कटने के कारण मृत्यु हो गई थी। महासभा ने यह भी बताया कि चाइनीज मांझे के निर्माण में उपयोग होने वाले रासायनिक पदार्थ पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचाते हैं।

**नोटिस**
हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)
न्यायालय अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय तृतीय जौनपुर।
वाद सं0–965/2024
विनोद गौतम–बनाम–रीनू देवी
थाना–नेवढ़िया, जौनपुर
**ता0पेशी–30.01.2026 वास्ते सुनवाई**
विपक्षी–
1.रीनू देवी पुत्री जवाहर लाल गौतम सा0मौजा अकरा पो0 भिऊरा थाना रामपुर जिला जौनपुर।
चूंकि उपर नामांकित ने इस न्यायालय में आवेदन किया है अतएव आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त आवेदन के खिलाफ आपत्ति करने के लिये दिनांक 30.01.2026 वास्ते सुनवाई दिवस का अपरान्ह स्वयं या सम्पर्क रूपेण अपने अधिवक्ता व्दारा हाजिर हो। ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय सुना और अवधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित 2025ई0 को निकाली गयी।
**आज्ञा से– अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय तृतीय जौनपुर।**

**नोटिस**
हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)
न्यायालय अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय प्रथम जौनपुर।
वाद सं0–733/2024
निकहत आसमीन–बनाम मोहम्मद अब्दुल सलीम
धारा–125 सीआरपीसी
थाना–जलालपुर, जौनपुर
**ता0पेशी–22.01.2026 वास्ते सुनवाई**
विपक्षी–
1.मोहम्मद अब्दुल सलीम उ0त035साल पुत्र अब्दुल सलाम उर्फ मुन्ना निवासी ग्राम बसनी थाना बड़ागांव जिला वाराणसी।
चूंकि उपर नामांकित ने इस न्यायालय में आवेदन किया है अतएव आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त आवेदन के खिलाफ आपत्ति करने के लिये दिनांक 22.01.2026 वास्ते सुनवाई दिवस का अपरान्ह स्वयं या सम्पर्क रूपेण अपने अधिवक्ता व्दारा हाजिर हो। ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय सुना और अवधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित 2025ई0 को निकाली गयी।
**आज्ञा से– अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय प्रथम जौनपुर।**

# बलिया समाचार

## बोलेरो की टक्कर से दो साल की मासूम की मौत



**बैरिया।** रेवती थाना क्षेत्र के नारायणगढ़ ढाले पर शुक्रवार की सुबह स्कूल के बच्चों को लेने के लिए जा रही बोलेरो की चपेट में आने से दो साल की मासूम बुधिया की मौत हो गई। घटना से नाराज परिजनों व ग्रामीणों ने चालक विनोद यादव की पिटाई कर बंधक बना लिया। सूचना पर एसएचओ रेवती राजेश बहादुर सिंह दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। चालक को हिरासत में लिया और शव के लिए पोस्टमार्टम के लिए भेजा। एसएचओ ने बताया कि दलपतपुर निवासी विनोद यादव रानीगंज स्थित एक निजी स्कूल में अपनी बोलेरो चलाते हैं। सुबह के समय बच्चों को लेने नारायणागढ़ की तरफ जा रहे थे। उसी दौरान नारायणागढ़ ढाले पर कोहरे के बीच अचानक सड़क पार कर रही दो वर्षीय बुधिया टक्कर के बाद गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने इलाज के लिए सीएचसी पर लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। वहीं, घटना के बाद ग्रामीणों ने बोलेरो चालक विनोद को पकड़ कर पिटाई करने के बाद रस्सी से बांध दिया। बेटी की मौत से पिता आल्हा व मां रेखा देवी का रोते-रोते बुरा हाल है।

**सम्मन**
सम्मन वास्ते करारदाद उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय सिविल जज जू0डि0 शाहगंज जौनपुर।
वाद सं0–452/2025
अखिलेश कुमार मिश्रा–बनाम–अरूण
1.अरूण कुमार 2.अनिल कुमार 3.सुनील कुमार पुत्रगण मदन मोहन सा0मौ0 धौरईल पर0 अंगुली तह0 शाहगंज जिला जौनपुर।
**ता0पेशी–22.01.2026 जवाबदेही व तनकीह**
हरगाह ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 22.01.2026 जवाबदेही व तनकीह बवक्त बजे अदालत या मारफत अपने वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिब हो और कुल उमूरात अहम मुतलिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ शक्स जवाब ऐसे सवालात का देने को हाजिर हो और जवाबदेही दावा को करे और दरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिए मुकर्रर है के बावत इनफिसाल मुकदमा तजवीज हुई है और आपको लाजिम है कि आप उसी रोज जुमला दस्तावेज की जिनकी आप अपनी जवाबदे. ही के साथ इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करें। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मुकर्रर आप और हाजिरी आपके मजयून और फैसला, बवक्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज दिनांक माह सन 2025ई0 को जारी किया गया।
**आज्ञा से– सिविल जज जू0डि0 शाहगंज जौनपुर।**

**.नोटिस**
हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)
न्यायालय सिविल जज जू0डि0 शाहगंज जौनपुर।
वाद सं0–452/2025
अखिलेश कुमार मिश्रा बनाम–अरूण
1.अरूण कुमार 2.अनिल कुमार 3.सुनील कुमार पुत्रगण मदन मोहन सा0मौ0 धौरईल पर0 अंगुली तह0 शाहगंज जिला जौनपुर।
**ता0पेशी–22.01.2026 आपत्ति व निस्तारण**
चूंकि उपर नामांकित ने इस न्यायालय में आवेदन किया है अतएव आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त आवेदन के खिलाफ आपत्ति करने के लिये दिनांक 22.01.2026 आपत्ति व निस्तारण दिवस का अपरान्ह स्वयं या सम्पर्क रूपेण अपने अधिवक्ता व्दारा हाजिर हो। ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय सुना और अवधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित दिवस 2025ई0 को निकाली गयी।
**आज्ञा से–सिविल जज जू0डि0 शाहगंज जौनपुर।**

# जौनपुर समाचार

## पूविवि स्ववित्तपोषित शिक्षक 18 दिसंबर से अनशन पर



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के स्ववित्तपोषित शिक्षकों ने 18 दिसंबर से प्रशासनिक भवन में बेमियादी क्रमिक अनशन शुरू करने का निर्णय लिया है। यह फैसला शोध-निर्देशक की अद्यतन सूची और रिक्तियां विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जारी न होने के विरोध में लिया गया है। शिक्षकों के संघ ने इस संबंध में राजभवन, कुलपति और कुलसचिव को ज्ञापन भेजकर अपनी स्थिति स्पष्ट की है। उन्होंने अपनी मांगों पर ध्यान आकर्षित करने का प्रयास किया है।
इकाई अध्यक्ष डॉ. सुशील कुमार मिश्र ने बताया कि अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों के स्ववित्तपोषित शिक्षक वर्षों से शोध-निर्देशन का कार्य कर रहे हैं।
विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद और शासनादेश के अनुसार, वे पहले से ही मान्य शोध-निर्देशक हैं। डॉ. मिश्र ने आगे कहा कि इन स्पष्ट प्रावधानों के बावजूद, वर्तमान सत्र में उनकी अद्यतन सूची और रिक्तियां विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रकाशित नहीं की जा रही हैं, जिससे शिक्षकों में रोष है। इसी कारण उन्होंने अनशन का मार्ग चुना है।

**नोटिस**
हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)
न्यायालय सिविल जज जू0डि0 शाहगंज जौनपुर।
वाद सं0–12/2025
फूलचन्द्र यादव–बनाम–सभाजीत यादव
1.सभाजीत यादव 2.लालजी यादव 3.लल्लन यादव 4. इन्द्रजीत यादव पुत्रगण स्व0 कल्पनाथ यादव 5.फूलपत्ती देवी बेवा कल्पनाथ यादव सा0मौ0 अवहदपुर पर0 व तह0 केराकत जिला जौनपुर।
**ता0पेशी–04.01.2026 आपत्ति व निस्तारण**
चूंकि उपर नामांकित ने इस न्यायालय में आवेदन किया है अतएव आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त आवेदन के खिलाफ आपत्ति करने के लिये दिनांक 04.01.2026 आपत्ति व निस्तारण दिवस का अपरान्ह स्वयं या सम्पर्क रूपेण अपने अधिवक्ता व्दारा हाजिर हो। ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय सुना और अवधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित दिवस 2025ई0 को निकाली गयी।
**आज्ञा से– सिविल जज जू0डि0 शाहगंज जौनपुर।**

**सम्मन**
सम्मन वास्ते करारदाद उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय सिविल जज जू0डि0 शाहगंज जौनपुर।
वाद सं0–12/2025
फूलचन्द्र यादव–बनाम–सभाजीत यादव
1.सभाजीत यादव 2.लालजी यादव 3.लल्लन यादव 4. इन्द्रजीत यादव पुत्रगण स्व0 कल्पनाथ यादव 5.फूलपत्ती देवी बेवा कल्पनाथ यादव सा0मौ0 अवहदपुर पर0 व तह0 केराकत जिला जौनपुर।
**ता0पेशी–04.01.2026 जवाबदेही व तनकीह**
हरगाह ने आपके नाम एक नालिश बावतके दायरकी है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 04.01.2026 जवाबदेही व तनकीह बवक्त बजे अदालत या मारफत अपने वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिब हो और कुल उमूरात अहम मुतलिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कौं शक्स जवाब ऐसे सवालात का देने को हाजिर हो और जवाबदेही दावा को करे और दरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिए मुकर्रर है के बावत इनफिसाल मुकदमा तजवीज हुई है और आपको लाजिम है कि आप उसी रोज जुमला दस्तावेज की जिनकी आप अपनी जवाबदेही के साथ इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करें। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मुकर्रर आप और हाजिरी आपके मजयून और फैसला, बवक्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज दिनांक माह सन 2025ई0 को जारी किया गया।
**आज्ञा से– सिविल जज जू0डि0 शाहगंज जौनपुर।**

**सम्मन**
सम्मन वास्ते करारदाद उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय सिविल जज जू0डि0 षाहगंज जौनपुर।
वाद सं0–101/2025
महेश्वरी देवी–बनाम–ज्योति सिंह
1.ज्योति सिंह पत्नी रवि प्रकाश सिंह सा0मौ0 नेवादा पर0 बयालसी तह0 केराकत जिला जौनपुर 2.सुरेश पुत्र मिठाईलाल सा0मौ0 इस्मैला दुर्गाप्रसाद पर0 बयालसी तह0 केराकत जिला जौनपुर।
**ता0पेशी–07.01.2026 जवाबदेही व तनकीह**
हरगाह ने आपके नाम एक नालिश बावतके दायरकी है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 07.01.2026 जवाबदेही व तनकीह बवक्त बजे अदालत या मारफत अपने वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिब हो और कुल उमूरात अहम मुतलिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कौं षक्स जवाब ऐसे सवालात का देने को हाजिर हो और जवाबदेही दावा को करे और दरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिए मुकर्रर है के बावत इनफिसाल मुकदमा तजवीज हुई है और आपको लाजिम है कि आप उसी रोज जुमला दस्तावेज की जिनकी आप अपनी जवाबदे. ही के साथ इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करें। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मुकर्रर आप और हाजिरी आपके मजयून और फैसला, बवक्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज दिनांक माह सन 2025 ई0 को जारी किया गया।
**आज्ञा से– सिविल जज जू0डि0 शाहगंज जौनपुर।**

## जया बच्चन के बाद Huma Qureshi पैपराजी की खोली पोल, 'हम उनका इस्तेमाल तब करते हैं जब...'



जया बच्चन के बाद हुमा कुरैशी ने पैपराजी कल्चर अपनी एक राय दी है। जिसमें उन्होंने सेलिब्रिटीज के लिए इसकी चुनौतियों और फायदों को पहचाना है। एक्ट्रेस ने पैपराजी की पोल खोली है और उनके बारे में कई शॉकिंग बातें बताईं हैं। कुछ दिन पहले बॉलीवुड की सीनियर अभिनेत्री जया बच्चन ने पैपराजी के कल्चर पर सवाल उठाए थे और उनसे रिश्ता खत्म करने की बात करते हुए उनके तरीकों की निंदा की थी। इस बीच, ताजा बातचीत में एक्ट्रेस हुमा कुरैशी ने माना है कि एक्टर्स और फोटोग्राफर्स के बीच दोतरफा रिश्ता होता है। हुमा ने बॉलीवुड सीक्रेट्स की पोल खोलते हुए कहा कि एक्टर्स उनका इस्तेमाल तब करते हैं जब उन्हें अपनी फिल्मों का प्रमोशन करना होता है।

**'हम उनका इस्तेमाल तब करते हैं जब..'**

इंडिया टुडे से बात करते हुए हुमा ने पैपराजी के साथ अपने रिश्ते को बहुत हेल्दी बताया और कहा, 'मुझे लगता है कि वे भी जरूरी हैं। मैं झूठ नहीं बोलूंगी, लेकिन जब हमें अपनी फिल्मों का प्रमोशन करना होता है या अपनी जिंदगी के किसी खास पहलू को लोगों के सामने लाना होता है, तो हम उनका इस्तेमाल करते हैं। कई बार ऐसा हुआ है जब हमें अपनी फिल्मों का प्रमोशन करना था, तो हमने उन्हें प्रीमियर पर बुलाया। जब हम चाहते हैं कि हमें कहीं देखा जाए, तो हम उन्हें बुलाते हैं। मैं सारा दोष उन पर नहीं डालना चाहती।' उन्होंने बताया कि पिछले कुछ सालों में फोटोग्राफरों के साथ उनका रिश्ता बेहतर हुआ है। जब भी वह अच्छा महसूस नहीं करतीं या उनकी तस्वीरें नहीं खिंचवाना चाहतीं, तो वह बस उनसे तस्वीरें न लेने का अनुरोध करती हैं, और वे आमतौर पर उनकी बात मान लेते हैं।

**एक हद होती है जिसे पार नहीं करना चाहिए**

हालांकि, हुमा ने उन दिक्कतों पर भी बात की जो इंडस्ट्री में महिलाओं को अक्सर झेलनी पड़ती हैं, जैसे कि दखल देने वाले सवाल या अजीब एंगल से उनके कपड़ों की तस्वीरें लेने की गलत कोशिशें। उन्होंने बताया कि कुछ हद तक दखलअंदाजी इस सिस्टम का हिस्सा है, लेकिन इज्जत और हदें बनाए रखना जरूरी है। 'अगर आप मेरी प्राइवेसी में दखल देना चाहते हैं, तो आप ऐसे सवाल पूछेंगे जो मुझे सही नहीं लगेंगेष्ठ एक हद होती है जिसे लोगों को पार नहीं करना चाहिए, लेकिन हम उसे पार कर देते हैं। एक फीमेल एक्ट्रेस होने के नाते, मैंने यह सब झेला है,' उन्होंने एक पुरानी प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पूछे गए एक खास गलत सवाल को याद करते हुए कहा।





# Gaurav Khanna ने बिग बॉस 19 के कंटेस्टेंट्स संग मनाया बर्थडे! B'Day पार्टी में न जाने पर तान्या मित्तल ने तोड़ी चुप्पी

**बीती शाम को बिग बॉस 19 के विजेता गौरव खन्ना की जन्मदिन पार्टी में शो के लगभग सभी कंटेस्टेंट पहुंचे, लेकिन तान्या मित्तल वहां नजर नहीं आईं। बाद में तान्या ने यह साफ किया कि उन्होंने पार्टी में शामिल न होने के पीछे अपनी व्यक्तिगत वजह बताई है, जिसके कारण वे इस पार्टी में हिस्सा नहीं ले सकीं।**

बिग बॉस 19 का सीजन तो खत्म हो गया लेकिन फिर भी कंटेस्टेंट्स काफी सुर्खियों में नजर आ रहे हैं। कुछ के बीच दोस्तो हो गई और कुछ अभी भी दुश्मनी मना रहे हैं। हालिए में 11 दिसंबर को बिग बॉस 19 विनर गौरव खन्ना ने अपना बर्थडे पार्टी का आयोजन किया, जिसमें लगभग सभी कंटेस्टेंट नजर आएं। हालांकि, बिग बॉस की थर्ड रनर-अप रहीं तान्या मित्तल ने शो से निकलते ही सभी घरवालों से दूरी बना ली है। गौरवा की शानदार बर्थडे पार्टी पर तमाम बिग बॉस के कंटेस्टेंट्स नजर आएं, लेकिन तान्या मित्तल इस पार्टी में नजर नहीं आई। अब तान्या मित्तल ने बताया कि मुंबई में रहकर के बावजूद भी वह क्यों गौरव की पार्टी में शामिल नहीं हुईं।

**गौरव की पार्टी में क्यों नहीं गईं तान्या मित्तल?**

गौरतलब है कि बिग बॉस 19 के घर में तान्या मित्तल के खिलाफ सभी कंटेस्टेंट्स जा चुके हैं। किसी ने उनके परिवार पर कमेंट किया तो किसी ने उन्हें फेक बताया। इसलिए तान्या मित्तल उन लोगों से नहीं मिलना चाहती, जिन्होंने उनके साथ बुरा व्यवहार किया। फिल्मीज्ञान को दिए इंटरव्यू में तान्या ने गौरव की पार्टी में न जाने की वजह बताई है।

**तान्या ने क्या कहा?**

मैं नहीं जाऊंगी। मैंने क्लियर कर दिया है कि जिन भी लोगों ने मेरी बेइज्जती की है और जीके सर ने तो ये भी बोला है कि मैं अपना परिवार छुपा रही हूं ताकि मेरा सच सामने न आ जाए। तो जब मेरे परिवार पर ही भरोसा नहीं तो मैं वहां जाकर उन्हें किस बात का यकीन दिलाऊं।


**मृदुल तिवारी को तान्या ने दिखाया एटीट्यूड**

इतना ही नहीं, बिग बॉस 19 के ग्रैंड फिनाले में ही मृदुल तिवारी ने तान्या मित्तल से गौरव की पार्टी में आने का न्योता दिया था, लेकिन उन्होंने जाने से इनकार कर दिया था। इसके बाद मृदुल ने इंटरव्यू में कहा कि तान्या उन्हें एटीट्यूड दिखा रही थीं।

**कौन-कौन कंटेस्टेंट्स नहीं आए गौरव की बर्थडे पार्टी में?**

आपको बताते चले कि तान्या मित्तल के अलावा गौरव खन्ना की बर्थडे पार्टी में बिग बॉस 19 की फर्स्ट रनर-अप रहीं फरहाना भट्ट भी नहीं गई थीं। उनके अलावा मालती चाहर और बसीर अली भी पार्टी से गायब दिखे।

# पहली सालगिरह पर Sobhita Dhulipala ने समझाया प्यार का मतलब, बोलीं- Naga Chaitanya के बिना पूरी नहीं हो पाऊंगी



अभिनेत्री शोभिता धुलिपाला और नागा चैतन्य ने 4 दिसंबर को अपनी शादी की पहली सालगिरह मनाई। इस मौके पर शोभिता ने भावुक होकर कहा कि चैतन्य के बिना उनकी जिंदगी अधूरी होगी। उन्होंने बताया कि सच्चा प्यार हमें पूरा करता है और यह रिश्ता उनके लिए 'खुशी देने वाला' है। उन्होंने कहा कि उनके साथ रहने से वह रचनात्मक रूप से प्रेरित महसूस करती हैं, और मुश्किल शेड्यूल में भी एक-दूसरे के लिए समय निकालना आसान हो जाता है।

इस 4 दिसंबर को अभिनेता शोभिता धुलिपाला और नागा चैतन्य को हैदराबाद के अन्नपूर्णा स्टूडियो में शादी के बंधन में बंधे हुए एक साल पूरा हो गया। अपनी पहली सालगिरह पर, शोभिता ने एक भावुक बयान दिया, जिसमें उन्होंने कहा कि चैतन्य के बिना उनकी जिंदगी 'अधूरी' होगी।

**उनकी गैरमौजूदगी में, मैं पूरी नहीं हो पाऊंगी**

अपनी शादी के वीडियो फुटेज में, शोभिता ने पहले कहा था कि उन्हें नहीं लगता कि लोग अधूरे होते हैं और कोई दूसरा आकर उस कमी को पूरा करता है। हालांकि, उसी झलक में उन्होंने जोड़ा, 'और फिर भी, उनकी गैरमौजूदगी में, मैं पूरी नहीं हो पाऊंगी।' जब इस विरोधाभासी बयान के बारे में पूछा गया, तो अभिनेत्री ने स्वीकार किया कि जब उन्होंने यह बात कही, तब वह 'काफी भावुक' महसूस कर रही थीं।

**शोभिता ने प्यार का मतलब समझाया**

शोभिता ने अपने कहने के मतलब को और ज्यादा समझाया। उन्होंने कहा कि कुछ लोग इस एहसास तक बहुत पहले पहुंच जाते हैं, जबकि कुछ अन्य को यह समझने में समय लगता है कि उन्हें पूरा महसूस करने के लिए किसी की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा, 'लेकिन उस सफ़र में, जब हम वहां पहुंचते हैं, तो मुझे लगता है कि किसी की चाहत होती है। मुझे लगता है कोई ऐसा जो हमें पूरा करे, कोई ऐसा जो आपके 'यांग' के लिए 'यिन' हो या आपके 'यिन' के लिए 'यांग' हो। और ऐसा नहीं है कि वे आकर आपको पूरा करते हैं, बल्कि उनके जरिए आप अपनी पर्सनैलिटी के उन हिस्सों को महसूस करते हैं। इसलिए उस चाहत में मुझे लगता है कि बहुत सारा प्यार पैदा होता है।'

**काम और रिश्ते का संतुलन**

जब उन्होंने चैतन्य से शादी की, तो शोभिता को उम्मीद थी कि वह हैदराबाद में आराम से घूम पाएंगी। हालांकि, वह शादी के बाद पिछले साल तमिलनाडु में दो फिल्मों की शूटिंग में व्यस्त रहीं। जब उनसे पूछा गया कि वे अभी भी एक-दूसरे के लिए समय कैसे निकाल लेती हैं, तो उन्होंने बहुत सरल जवाब दिया, 'अगर आपको कुछ पसंद है, आपको कुछ करना पसंद है, तो आप उसे कर लेंगे। और यह आसान लगेगा। अगर आपको कुछ पसंद नहीं है, तो सबसे आसान चीज भी ऐसी लग सकती है, 'ओह, कितना मुश्किल'।'

**खुशी देने वाला रिश्ता**

शोभिता ने चैतन्य से अपनी शादी को 'खुशी देने वाला' बताया, और कहा कि वह क्रिएटिव तौर पर 'बहुत मजबूत' और 'बहुत प्रेरित' महसूस करती हैं। जानकारी के लिए बता दें कि शोभिता और चैतन्य ने 2024 में शादी करने से पहले दो साल तक एक-दूसरे को डेट किया था। कपल ने अपने रिश्ते को शुरुआत में निजी रखा था, लेकिन फैंस उन्हें अक्सर छुट्टियों पर एक साथ देखते थे। उन्होंने अगस्त 2024 में अपनी सगाई की घोषणा करने के बाद ही सोशल मीडिया पर अपने रिश्ते को आधिकारिक किया था।

होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762




बच्चों के डॉक्टर
मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ
गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
निःसंतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक रविवार 9 से 1 बजे तक
पता: टकसाल सिनेमा के सामने ( नियर ताज होटल ) नदेसर, वाराणसी
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ
काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ
समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाशय में छाला, अन्दरूनी रक्तस्त्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
डॉ. शेखर पूरी
MBBS, MD (IMS-BHU) DM (GASTRO.) SMS Jaipur
परामर्श समयः 08:30 से 04:00 बजे तक
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ
ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी (नियर पासपोर्ट ऑफिस)

मानसिक रोग विशेषज्ञ
तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ
डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170

कार्ड एवं स्टेशनरी
शादी के कार्ड
2026 डायरी, कैलेन्डर
खत्री स्टेशनर्स
साईं मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप
Designer Salwar Suit Lancha Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप
NEW GENERATION
Exclusive Wear House
KIDS
MENS
TEENAGERS
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप
DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ
पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
कुंडली विशेषज्ञ, हस्तरेखा, फेस रीडिंग, कुंडली मिलान
रत्न रुद्राक्ष थेरेपिस्ट, वास्तु एवं फेंगशुई विशेषज्ञ
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch
9324652370
Bandra Branch
8108888280
Neelam stone, Pokhraj stone, Panna stone, Manik stone, Moonga stone, Opal stone, Lehsuniya stone, Firoza stone, Gomed Stone, Diamond stone
1 Mukhi Rudraksh, 7 Mukhi Rudraksh, Trijugi Rudraksh, 9 Mukhi Rudraksh, 12 Mukhi Rudraksh, 14 Mukhi Rudraksh, 21 Mukhi Rudraksh, Ganesh Rudraksh, Gauri Shankar Rudraksh
HEAD OFF. : SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682